**उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग,**
**पिकप भवन, तृतीय तल, गोमतीनगर,**
**लखनऊ – 226010**

**संख्या- 163 /01/कम्प्यूटर अनुभाग (बारह)/2024-25/08-परीक्षा/2023**

लखनऊ : दिनांक : 08 अक्टूबर, 2025

**आवश्यक सूचना**

आयोग के विज्ञापन संख्या-08-परीक्षा/2023, सम्मिलित कनिष्ठ सहायक, कनिष्ठ लिपिक एवं सहायक स्तर-III मुख्य परीक्षा (प्रा०अ०प०-2022)/07 के अंतर्गत विभिन्न विभागों के नियंत्रणाधीन कनिष्ठ सहायक, कनिष्ठ लिपिक एवं सहायक स्तर-III के कुल रिक्त 3768 (सामान्य चयन) + कनिष्ठ सहायक के कुल रिक्त 63 (विशेष चयन) =3831 पदों पर चयन हेतु भारत के नागरिकों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किये गये थे, जिसमें ऑनलाइन आवेदन सबमिट करने की अंतिम तिथि 03.10.2023 थी। तदुपरांत आयोग के शुद्धि पत्र दिनांक 22 सितम्बर, 2023 द्वारा पूर्व में विज्ञापित पदों के अतिरिक्त विभिन्न विभागों के नियंत्रणाधीन कनिष्ठ सहायक / टंकक कम कनिष्ठ लिपिक के कुल रिक्त 1518 (सामान्य चयन) + कनिष्ठ सहायक के कुल रिक्त 163 (विशेष चयन) = 1681 पदों को भी उक्त विज्ञापन के अंतर्गत सम्मिलित किया गया था। इस प्रकार प्रश्नगत विज्ञापन के अंतर्गत संशोधित कुल 5512 [5286 (सामान्य चयन) + 226 (विशेष चयन) पदों पर चयन हेतु आवेदन आमंत्रित किए गए थे।

तदुपरांत आयोग की आवश्यक सूचना दिनांक 16.12.2024 द्वारा प्रश्नगत विज्ञापन के अंतर्गत निदेशक, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार, उ०प्र०, लखनऊ के नियंत्रणाधीन कनिष्ठ सहायक के विज्ञापित 739 पदों में से 72 पदों को कम करते हुए संशोधित 667 पदों का लम्बवत एवं क्षैतिज आरक्षित पदों का विवरण आयोग की वेबसाइट पर प्रकाशित किया गया था। उक्त विज्ञापन के सापेक्ष लिखित परीक्षा (मुख्य) दिनांक 29.06.2025 को आयोजित की गयी थी।

अवगत कराना है कि आयोग की आवश्यक सूचना दिनांक 30.09.2025 द्वारा प्रश्नगत विज्ञापन के अंतर्गत निदेशक, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार, उ०प्र०, लखनऊ के नियंत्रणाधीन कनिष्ठ सहायक के रिक्त 667 पदों में से 70 पदों को रिक्त रखने के उपरांत अवशेष 597 पदों का लम्बवत एवं क्षैतिज आरक्षित पदों का विवरण आयोग की वेबसाइट पर प्रकाशित किया गया था तथा सूचित किया गया था कि प्रश्नगत विज्ञापन के प्रस्तर-4 (सारणी-1 के क्रमांक-5), प्रस्तर-4 (सारणी-2 के क्रमांक-5) तथा आवश्यक सूचना दिनांक 16.12.2024 को उक्त सीमा तक संशोधित समझा जाये।

तदनुसार प्रश्नगत विज्ञापन के अंतर्गत कनिष्ठ सहायक/कनिष्ठ लिपिक / सहायक स्तर-III/ टंकक कम कनिष्ठ लिपिक के कुल रिक्त 5370 पद चयन हेतु अवशेष हैं।

प्रश्नगत विज्ञापन के अंतर्गत रिक्त पदों पर चयन के लिये लिखित परीक्षा (मुख्य) के स्कोर के आधार पर कनिष्ठ सहायक/कनिष्ठ लिपिक / सहायक स्तर-III/ टंकक कम कनिष्ठ लिपिक के विज्ञापित कुल 5370 पदों के सापेक्ष श्रेणीवार 05 गुना (समान कटऑफ अंक प्राप्त करने वाले सभी अभ्यर्थियों को सम्मिलित करते हुये) के अनुसार चयन के अगले चरण टंकण परीक्षा हेतु चिन्हित 90336 अभ्यर्थियों के परिणाम एवं गोपन अनुभाग के पत्र संख्या-1025/गोपन/01/02/2024/2025, दिनांक 08.10.2025 द्वारा संसूचित उक्त परिणाम से संबन्धित कट ऑफ अंक (01 पृष्ठ) को यथावत आयोग की वेबसाइट upsssc.gov.in पर अपलोड कर दिया गया है। सम्बन्धित अभ्यर्थी आयोग की वेबसाइट के होमपेज पर उपलब्ध उक्त परिणाम से सम्बन्धित लिंक पर जाकर वांछित प्रविष्टियां अंकित कर अपना परिणाम देख सकते हैं।

संलग्नक- यथोपरि।

08/10/2025

(अवनीश सक्सेना)
सचिव।

## उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग
## पिकप भवन, तृतीय तल, गोमतीनगर,लखनऊ।

संख्याः– 1025/गोपन/01/02/2024/2025

लखनऊः दिनांक 08 अक्टूबर, 2025

आयोग के विज्ञापन संख्या–08–परीक्षा/2023, सम्मिलित कनिष्ठ सहायक, कनिष्ठ लिपिक एवं सहायक स्तर–III मुख्य परीक्षा (प्रा0अ0प0–2022)/07 के अंतर्गत रिक्त कुल 5370 पदों पर चयन हेतु लिखित परीक्षा (मुख्य) के स्कोर के आधार पर चयन के अगले चरण टंकण परीक्षा के लिये अर्ह पाये गये अभ्यर्थियों का कट ऑफ अंकः–

**लम्बवत आरक्षण**

| क्र0सं0 | श्रेणी | कटऑफ अंक |
|---|---|---|
| 1 | अनारक्षित | 41.25 |
| 2 | अनुसूचित जाति | 41.25 |
| 3 | अनुसूचित जनजाति | 33.50 |
| 4 | अन्य पिछड़ा वर्ग | 41.25 |
| 5 | आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए (EWS) | 41.25 |

**क्षैतिज आरक्षण**

| क्र0सं0 | श्रेणी/उपश्रेणी | | कटऑफ अंक |
|---|---|---|---|
| 1 | स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के आश्रित | | 38.75 |
| 2 | भूतपूर्व सैनिक | | 00.50 |
| 3 | महिला | | वांछित संख्या में अभ्यर्थी सम्बन्धित मूल श्रेणी में सम्मिलित हैं। |
| 4 | उत्कृष्ट खिलाड़ी | | वांछित संख्या में अभ्यर्थी सम्बन्धित मूल श्रेणी में सम्मिलित हैं। |
| 5 | दिव्यांगजन | | |
| | (क) दृष्टिहीनता एवं कम दृष्टिहीनता | (B) | 01.50 |
| | | (LV) | 37.25 |
| | (ख) बधिर और श्रवण शक्ति में ह्यास | (D) | 02.25 |
| | | (HH) | 22.00 |
| | (ग) प्रमस्तिष्कीय अंगघात, उपचारित कुष्ठ, बौनापन, एसिड आक्रमण पीड़ित और मांसपेशीय दुष्पोषण सहित चलन क्रिया सम्बन्धी निःशक्तताः | (OA) | 40.25 |
| | | (OL) | वांछित संख्या में अभ्यर्थी सम्बन्धित मूल श्रेणी में सम्मिलित हैं। |
| | | (BL) | 37.75 |
| | | (CP) | 36.75 |
| | | (LC) | 34.75 |
| | | (Dw) | 10.00 |
| | | (AAV) | 31.75 |
| | (घ) स्वपरायणता, बौद्धिक निःशक्तताः, विशिष्ट अधिगम निःशक्तता और मानसिक अस्वस्थताः | – | पद विज्ञापित नहीं हैं। |
| | (ड़) खण्ड (क) से (घ) के अधीन आने वाले व्यक्तियों में से बहु निःशक्तताः, जिसके अन्तर्गत प्रत्येक निःशक्तताः के लिए अभिज्ञानित पदों में बधिर–अंधता सम्मिलित है। | (MD) | 08.75 |

(अवनीश सक्सेना)
सचिव।